एम. कॉम
तृतीय सत्र

# वाणिज्य में स्नातकोत्तर उपाधि

**(एम. कॉम)**

तृतीय सत्र
सत्रीय कार्य
2024

जनवरी 2024 तथा जुलाई 2024 प्रवेश सत्र के लिए

**प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ**
**इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय**
**मैदान गढ़ी, नई दिल्ली – 1100 68**

## प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
## इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

### वाणिज्य में स्नातकोत्तर उपाधि
### तृतीय सत्र
**सत्रीय कार्य - 2024**

प्रिय छात्र/छात्राओं,

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में स्पष्ट किया गया है, इस कार्यक्रम में आपको प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए एक सत्रीय कार्य करना है। सभी सत्रीय कार्य आपको एक साथ भेजे जा रहे हैं।

अंतिम परीक्षा में सत्रीय कार्य के लिए 30 प्रतिशत अंक निर्धारित हैं। सत्रांत परीक्षा में बैठने योग्य होने के लिए यह आवश्यक है कि समय सूची के अनुसार आप इन सत्रीय कार्यों को पूरा करके भेज दें। सत्रीय कार्य को करने से पहले आपको चाहिए कि कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें, जिसे आपके पास अलग से भेजा गया है।

यह सत्रीय कार्य दो प्रवेश सत्र अर्थात् **( जनवरी 2024 और जुलाई 2024)** के लिए वैध है, इसकी वैधता निम्नलिखित है :–

1. जो **जनवरी 2024** में पंजीकृत है उनकी वैधता **जून 2024** है।
2. जो **जुलाई 2024** में पंजीकृत है उनकी वैधता **दिसंबर 2024** तक है।

यदि आप जून सत्रांत परीक्षा में बैठना चाहते हैं तो इन्हें **15 मार्च** तक अवश्य जमा कर दें। यदि आप दिसम्बर सत्रांत परीक्षा में बैठना चाहते हैं तो आपके लिए आवश्यक है कि आप इन्हें **15 सितम्बर** तक अध्ययन केंद्र के संयोजक के पास जमा कर दें।

**अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य**

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम का कोड** | **:** | **एम. सी. ओ. -03** |
| **पाठ्यक्रम का शीर्षक** | **:** | **अनुसंधान विधियाँ एवं सांख्यिकीय विश्लेषण** |
| **स्त्रीय कार्य का कोड** | **:** | **एम. सी. ओ. -03/टी. एम. ए./ 2024** |
| **खण्डों की संख्या** | **:** | **सभी खण्ड** |

**अधिकतम अंक : 100**

**सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

1. क) आप अपने अनुसंधान हेतु उपयुक्त मापन विधि का चयन कैसे करेंगे? व्याख्या करें और इसमें शामिल मुद्दों को स्पष्ट करें। (10+10)

   ख) प्रतिवेदन क्या हैं ? प्रतिवेदन तैयारी की विभिन्न अवस्थाएं बताइए ।

2. निम्नलिखित सारणी में प्रति उत्पाद कमियों की संख्या और उसकी आवृति को दर्शाया गया है: (20)

| No of defects per product | Frequency |
|---|---|
| Under 15 | 32 |
| 15-20 | 50 |
| 20-25 | 75 |
| 25-30 | 130 |
| 30-35 | 145 |
| 35-40 | 105 |
| 40-45 | 85 |
| 45-50 | 50 |
| 50 and above | 20 |

   (क) उपरोक्त समंकों से आप प्रमाप विचलन की गणना में कौन सी समना करेंगे?

   (ख) बाउले का विषमता गुणांक की गणना कीजिये एवं इसके मूल्य की व्याख्या कीजिये ।

   (ग) सुझाई गई विधि विषमता माप की उपयुक्त विधि है क्या आप सहमत हैं ? अपनी राय हेतु तर्क दीजिये ।

3. निम्नलिखित पर टिप्पणी कीजिए: (5 X 4)

   क) "सभी विज्ञान ज्ञान हैं लेकिन सभी ज्ञान विज्ञान नहीं है।"

   ख) "सूचकांक विशिष्ट औसत (specialised averages) होते हैं।"

   ग) "कालश्रेणी का विश्लेषण वर्तमान की सम्पूर्णता जानने में मदद करता है।"

   घ) "अक्सर सांख्यिकीय तथ्य सर्वप्रथम भ्रमित करते हैं लेकिन स्वतंत्र विचार विमर्श सांख्यिकी विभ्रमों को दूर कर देते हैं।"

4. निम्नलिखित व्यक्तव्यो की व्याख्या संक्षेप में कीजिये : (5X4)

क) सूचकांकों का समबंधन

ख) सामान्यीकरण

ग) प्वॉयसन वितरण की विशेषताएं

घ) प्रतिदर्श समष्टि

5. निम्नलिखित में अंतर कीजिए : (5X4)

क) पाइलट अध्ययन एवं पूर्व परीक्षण

ख) सहसंबंध एवं प्रतीपगमन

ग) आंकलन एवं परिकल्पना परीक्षण

घ) प्रायिकता वितरण एवं आवृति वितरण

## अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम का कोड** | **:** | **एम. सी. ओ. -07** |
| **पाठ्यक्रम का शीर्षक** | **:** | **वित्तीय प्रबंध** |
| **स्त्रीय कार्य का कोड** | **:** | **एम. सी. ओ. -07/टी. एम. ए./ 2024** |
| **खण्डों की संख्या** | **:** | **सभी खण्ड** |

**अधिकतम अंक : 100**

**सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**1.** दीर्घकालीन वित्त के स्त्रोतों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए और बताइए कि आप किसे सर्वोत्तम मानते हैं और क्यों ? (20)

**2.** (क) "मुद्रा का समय मूल्य" समझाइए। उसमे ब्याज दर की क्या भूमिका है ? (10)

(ख) वित्तीय निर्णयों और निवेश निर्णयों के बीच अंतर स्पष्ट कीजिये। (10)

**3.** (क) अंतराष्ट्रीय वित्तीय प्रबंध किस प्रकार एक फर्म के कार्यक्षेत्र को विस्तृत करता है ? (10)

(ख) विदेशी विनियम बाजार में विभिन्न प्रतिभागी कौन हैं ? (10)

**4.** (क) पूँजी बजटिंग को परिभाषित कीजिए । भुगतान अवधि विधि क्यों लोकप्रिय है ? (10)

(ख) लिवरेज क्या है ? लिवरेज के प्रकारों की चर्चा कीजिए । (10)

**5.** (क) एक कंपनी एक मशीन में 50,000 रूपये का निवेश करना चाहती है । मशीन का जीवन काल 5 वर्ष है । अगले 5 वर्षों के लिए इस मशीन कर पश्चात् प्राप्त आय रु. 7,500; र. 8,200; रु. 7,900; रु. 8,900 और क्रमशः रु. 6,500 हैं । इस निवेश की लेखांकन प्रत्याय दर ज्ञात कीजिए । (10)

(ख) स्टॉक रखने का उद्देश्य क्या है ? स्टॉक प्रबंध क्यों महत्वपूर्ण है ? (10)

## अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम का कोड** | **:** | **एम. सी. ओ. -15** |
| **पाठ्यक्रम का शीर्षक** | **:** | **भारत का विदेशी व्यापार और निवेश** |
| **स्त्रीय कार्य का कोड** | **:** | **एम. सी. ओ. -15/टी. एम. ए./ 2024** |
| **खण्डों की संख्या** | **:** | **सभी खण्ड** |

**अधिकतम अंक : 100**

**सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

1. क्या आप सोचते है कि भारत में सेवाओं का निर्यात बढ़ रहा है? सेवाओं के निर्यात के निर्धारक क्या हैं ? सेवाओं के निर्यात को बढ़ावा देने की आवश्यकता और संभावनाओं का वर्णन करें । (4+8+8)

2. क) "द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से विश्व व्यापार की वृद्धि अभूतपूर्व रही है"। विश्व व्यापार की वृद्धि को प्रभावित करने वाले कारकों का उल्लेख कीजिये। (10+10)

   ख) भारत विश्व व्यापार में उत्पाद और बाजार दोनों में अपनी उपस्थिति कैसे बढ़ा सकता है?

3. निम्नलिखित कथनों पर संक्षेप में टिप्पणी कीजिए : (4X5)
   क) विकास की समस्या की कुंजी पूँजी निर्माण की दर को घटाने में निहित है।
   ख) सेवा निर्यात की तुलना में वस्तु निर्यात में अधिक तेजी से वृद्धि हुई है।
   ग) भारत सरकार विनिर्माण और निर्यात केंद्र को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध नहीं है ।
   घ) भारत एक सेवा अर्थव्यवस्था देश होने के नुकसान को साँझा करता है।

4. निम्नलिखित के बीच अंतर करें: (4X5)
   क) बाह्य - उन्मुखी और अन्तर्मुखता
   ख)) स्वच्छता और पादप स्वच्छता स्थितियाँ
   ग)) प्रत्यक्ष विदेशी निवेश और विदेशी संविभाग निवेश
   घ) फॉरवर्ड इंटीग्रेशन और बैकवर्ड इंटीग्रेशन

5. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखें: (4X5)
   क) विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999
   ख) भारत के सेवा निर्यात की खूबियाँ और कमजोरियां
   ग) व्यापार शेष
   घ) हथकरघा निर्यात संवर्धन परिषद् (HEPC)

**अध्यापक जांच सत्रीय कार्य**

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम का कोड** | **:** | **आई. बी. ओ. -02** |
| **पाठ्यक्रम का शीर्षक** | **:** | **अंतर्राष्ट्रीय विपणन प्रबंधन** |
| **सत्रीय कार्य का कोड** | **:** | **आई. बी. ओ. -02/ टी. एम. ए. / 2024** |
| **खण्डों की संख्या** | **:** | **सभी खण्ड** |

**अधिकतम अंक : 100**

**सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए**

**1.** एक भारतीय स्वचालित वाहन कम्पनी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में प्रवेश करने का निर्णय करती है। कंपनी विदेश में विपणन के लिए निवेश करना चाहती है परन्तु उत्पादन में निवेश नही करना चाहती है । बाजार में प्रवेश करने की दो उचित पद्धतियाँ लिखिए तथा उनके लाभ तथा सीमाओं का भी वर्णन कीजिए । (20)

**2.** उपभोक्ता उत्पादों का उत्पादन करने वाली किसी कंपनी के आप विपणन प्रमुख हैं । कंपनी बाजार में मोबाइल फोन का नया ब्रांड उतरना चाहती है । उपभोक्ता प्रोत्साहन तथा व्यवसाय प्रोत्साहन के लिए विक्रय बढ़ाने की उपयुक्त विधियाँ लिखिए । (20)

**3.** निम्नलिखित पर संक्षिप्त नोट लिखिए**:** (4X5)

(क) मूल्य निर्धारण हस्तांतरण

(ख) एफ. ओ. बी. (F. O. B.)

(ग) अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में प्रचार का प्रबंधन

(घ) मताधिकार (Franchising) विदेशी बाजार प्रविष्टि के एक उपकरण के रूप में

4. निम्नलिखित में अंतर कीजिए: (4X5)

(क) बहुराष्ट्रीय विपणन तथा वैश्विक विपणन

(ख) जनसांख्यिकीय वातावरण तथा आर्थिक वातावरण

(ग) डेटा संग्रहण की प्रेक्षण विधि तथा सर्वेक्षण विधि

(घ) निर्यात व्यापारी और निर्यात गृह

**5.** निम्नलिखित कथनों पर टिप्पणी कीजिए: (4X5)

(क) उत्पाद योजना सफल अंतर्राष्ट्रीय विपणन के लिए एक महत्वपूर्ण आधारभृत निर्णय है।

(ख) एक छोटे निर्यातकर्ता के लिए एक विदेशी एजेंट की सहायता से निर्यात व्यापार करना ज्यादा अच्छा माना जाता है।

(ग) लक्ष्य बाजारों का चयन अंतर्राष्ट्रीय विपणन का पहला चरण है।

(घ) अंतर्राष्ट्रीय विपणन नियोजन घरेलू विपणन नियोजन से अधिक कठिन है।